उत्तर प्रदेश शासन

नागरिक सुरक्षा अनुभाग

संख्या-3/311-2/छः ना0सु0-14-6बजट/13टी0सी0

लखनऊः दिनांकः 10 अप्रैल, 2014

कार्यालय ज्ञाप

सेन्ट्रल सर्वर के माध्यम से कोषागार को बजट आवंटन भेजे जाने विषयक प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-बी-1-417/दस-2013-16/84 दिनांक 26 फरवरी, 2013 के अनुक्रम में निर्गत शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-386/छः ना0सु0-13-2 बजट/13 दिनांक 20 मई, 2013 द्वारा नागरिक सुरक्षा अनुभाग उ0 प्र0 शासन हेतु निर्गत वित्तीय स्वीकृतियों की एन्ट्री, कोषागारों का बजट आवंटन, आवंटित बजट का पुनर्ग्रहण, पुर्नविनियोग तथा पुनरावंटन आदि कार्यों के निष्पादनार्थ निदेशक, नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 अथवा निदेशक, नागरिक सुरक्षा उ0प्र0 द्वारा नामित अधिकारी को सुपर यूजर नामित किया गया है।

2- सचिवालय प्रशासन अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1202/20-1-ई-2013-668/13 दिनांक 22-11-2013 द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद के लेखा प्रकोष्ठ को समाप्त करते हुये उसके स्थान पर राजनैतिक पेंशन विभाग, होमगार्ड, एवं नागरिक सुरक्षा के नाम से नवीन लेखा अनुभाग गठित किया गया है, जिसके अन्तर्गत राजनैतिक पेंशन सचिव शाखा (राजनैतिक पेंशन, होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा विभाग) एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद को रखा गया है। उक्त के क्रम में निर्गत राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-533जेड/6-सा-1-14-10केपी/99 दिनांक 31 मार्च, 2014 द्वारा होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग, लेखा अनुभाग के आहरण वितरण कार्य हेतु श्री अखिलेख चन्द्र गुप्ता, संयुक्त सचिव, होमगार्ड एवं राजनैतिक पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को आहरण वितरण अधिकारी नामित किया गया है, जिनका डी0डी0ओ0 2594 है।

3- उक्त के क्रम में शासनादेश संख्या-2/311-1/छः ना0सु0-14-6बजट/13टी0सी0 दिनांक 10 अप्रैल, 2014 द्वारा अनुदान संख्या-27 के अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा अनुभाग

http://shasanadesh.up.nic.in

के बजट आवंटन संबंधी कार्यों हेतु जारी वित्तीय स्वीकृतियां सुपर यूजर्स द्वारा आवंटित की जायेंगी, जिसके क्रम में उक्त नामित आहरण वितरण अधिकारी द्वारा अपेक्षित धनराशि का आहरण किया जायेगा। शासन के उक्त कार्यालय ज्ञाप संख्या-386/छः ना0सु0-13-2 बजट/13 दिनांक 20 मई, 2013 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

केशव प्रसाद
अनुसचिव।

पृष्ठाकंन संख्या-3/311-2(1)/छः ना0सु0-13-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-निदेशक, नागरिक सुरक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2-निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
3-गृह (पुलिस) अनु0-8 उ0प्र0, शासन।
4-श्री अखिलेश चन्द्र गुप्ता, संयुक्त सचिव, होमगार्ड एवं राजनैतिक पेंशन विभाग, उ0प्र0 शासन/आहरण वितरण अधिकारी।
5-अनुभाग अधिकरी राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1 (अधि0)
6-अनुभाग अधिकारी, राजनैतिक पेंशन सचिव शाखा, लेखा प्रकोष्ठ।
6-मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(केशव प्रसाद)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in